समाचार

सुनिश्चित करें कि प्रत्येक स्लम बस्ती के आखिरी छोर तक हो अपशिष्ट का संग्रहण – आयुक्त

(आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने वार्ड क्र. 14 पम्प हाउस एवं वार्ड क्र 54 सर्वमंगला नगर में संचालित मेगा स्वच्छता ड्राईव का किया निरीक्षण)

(जमीनी स्तर पर बेहतर सफाई कार्यो के साथ, '' डोर–टू–डोर गारवेज कलेक्शन सिस्टम '' को मजबूती देने के दिए निर्देश)



कोरबा 06 फरवरी 2025 – आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि निगम क्षेत्र की प्रत्येक स्लम बस्ती मोहल्लों व पारों के आखिरी छोर तक अपशिष्ट का संग्रहण अनिवार्य रूप से किया जाए, यह अंतिम रूप से सुनिश्चित कराएं, यदि सकरी गली होने के कारण सफाई रिक्शा किसी घर तक नहीं पहुंच पाता तो वैकल्पिक साधनों का उपयोग कर वहॉ से कचरे का संग्रहण कराएं। उन्होने कहा कि जमीनी स्तर पर बेहतर साफ–सफाई कार्यो के साथ–साथ '' डोर–टू–डोर गारवेज कलेक्शन सिस्टम '' त्रुटिरहित स्वरूप में कार्य करें, इस पर विशेष फोकस रखें।

उक्ताशय के निर्देश आयुक्त श्री पाण्डेय ने आज निगम द्वारा वार्डो में संचालित स्वच्छता महाअभियान के निरीक्षण के दौरान दिए। यहॉ उल्लेखनीय है कि निगम प्रशासक व कलेक्टर श्री अजीत वसंत के मार्गदर्शन एवं आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय के दिशा निर्देशन में नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा विगत 25 जनवरी से वार्ड व बस्तियों में मेगा स्वच्छता ड्राईव संचालित कर वृहद स्तर पर साफ–सफाई के कार्य एक अभियान के रूप में कराए जा रहे हैं। इसी कड़ी में गुरूवार को वार्ड क्र. 14 पम्प हाउस, झोपड़ीपारा, मैगजीनभांठा सहित अन्य बस्तियों एवं वार्ड क्र. 54 सर्वमंगलानगर के विभिन्न मोहल्लों, पारों व बस्तियों में मेगा स्वच्छता ड्राईव संचालित की गई, इस दौरान नालियों की सतह से सफाई व कचरे का स्थल से त्वरित उठाव परिवहन, सड़क किनारे की बर्म, झाड़ियों की सफाई, सी.एण्ड डी.वेस्ट का उठाव सहित अन्य साफ–सफाई के कार्य व्यापक पैमाने पर कराए गए। आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने अधिकारियों की टीम के साथ इन वार्डो में पहुंचकर किए जा रहे साफ–सफाई कार्यो का निरीक्षण किया तथा बेहतर स्वच्छता कार्यो हेतु आवश्यक

दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर अपर आयुक्त विनय मिश्रा, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, कार्यपालन अभियंता अखिलेश शुक्ला, राकेश मसीह, तपन तिवारी, अजीत तिग्गा, अभियंता सोमनाथ डेहरे, प्रमोद जगत आदि के साथ अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

सर्वमंगला मंदिर परिसर को बनाए, प्लास्टिक फ्री जोन – आयुक्त श्री पाण्डेय ने मॉ सर्वमंगला मंदिर परिसर की बेहतर साफ–सफाई व परिसर को प्लास्टिक फ्री जोन बनाने की दिशा में त्वरित रूप से आवश्यक कार्यवाही किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होने कहा कि मंदिर परिसर में '' **प्लास्टिक फ्री जोन व प्लास्टिक का उपयोग प्रतिबंधित है** '' का बोर्ड लगाएं, वहॉ पर स्थित पूजा सामग्री की दुकानों में प्लास्टिक कैरीबैग व अन्य प्रतिबंधित सामग्री का उपयोग न किया जाए, इस हेतु उन्हें समझाईश दें कि वे प्लास्टिक कैरीबैग के स्थान पर वैकल्पिक साधनों को उपयोग में लाएं। विभिन्न महिला स्वसहायता, निगम के एस.एल.आर.एम.सेंटरों में विभिन्न आकार के कपड़े के थैले बनाकर इन दुकानदारों को वाजिब रेट पर उपलब्ध कराएंगे तथा दुकानदार कपड़े की इन्हीं थैलियों में पूजा सामग्री ग्राहकों, श्रद्धालुओं को देंगे। आयुक्त श्री पाण्डेय ने अधिकारियों से कहा कि वे महिला स्वसहायता समूह व दुकानदारों के बीच समन्वय स्थापित कर इस दिशा में ठोस व प्रभावी कार्यवाही समय सीमा के अंदर सुनिश्चित कराएं।

कच्चा कोयला न जलाने की समझाईश – भ्रमण के दौरान आयुक्त श्री पाण्डेय ने बस्ती के लोगों से आग्रह किया कि वे कच्चे कोयले का उपयोग ईंधन के रूप में न करें, उन्होने कहा कि कच्चा कोयला जलाने से उत्पन्न जहरीला धुआ घर परिवार के बच्चों, बुजुर्गो, महिलाओं तथा सभी लोगों के स्वास्थ्य के लिए अत्यंत घातक है तथा इससे विभिन्न श्वास संबंधी बीमारियों का खतरा पैदा होता है, अतः वे कच्चे कोयले की सिगड़ी कदापि न जलाएं।

छात्र–छात्राओं से विद्यालय की स्वच्छता पर चर्चा – भ्रमण के दौरान आयुक्त श्री पाण्डेय ने विद्यालय जा रही छात्राओं व छात्रों से उनके विद्यालय की स्वच्छता व साफ–सफाई पर चर्चा की, उन्होने पूछा कि उनके विद्यालय में प्रतिदिन साफ–सफाई होती है या नहीं, विद्यालय के शौचालय में आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं या नहीं, शौचालयों में उचित साफ–सफाई रखी जाती है या नहीं। इसी प्रकार आयुक्त श्री पाण्डेय ने छात्र–छात्राओं से पूछा कि उनकी बस्ती की साफ–सफाई व निगम से संबंधित अन्य कार्यो की शिकायत यदि उन्हें करना हो, तो वे किस नम्बर पर कॉल कर अपनी शिकायत दर्ज कराएंगे, जिस पर छात्र–छात्राओं ने बताया कि वे इसके लिए **टोल फ्री नम्बर 1100** पर कॉल कर अपनी शिकायतों को दर्ज कराएंगे।

बस्तीवासियों से चर्चा, ली अपशिष्ट संग्रहण की जानकारी – बस्तियों में पैदल भ्रमण के दौरान आयुक्त श्री पाण्डेय डोर–टू–डोर पहुंचकर वहॉ के रहवासियों से निगम के नियमित सफाई कार्यो पर चर्चा की, उन्होने बस्तीवासियों से पूछा कि निगम की स्वच्छता दीदियॉ कचरा लेने के लिए उनके घरों में प्रतिदिन आती है या नहीं, जिस पर बस्तीवासियों ने बताया कि स्वच्छता दीदिया प्रतिदिन निधारित समय पर उनके घर व गली पहुंचकर घरों से कचरा का संग्रहण करती हैं।